आनंदालय

सामयिक परीक्षा-1

कक्षा : नौवीं

विद्या सवर्थि साधिका

विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 40

दिनांक :14-07-2022 | समय : **2** घंटे

सामान्य निर्देश :-

1. यह प्रश्न पत्र चार खण्डों में विभाजित है - 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'
2. चारों खण्डों के प्रश्नोत्तर लिखने अनिवार्य हैं |
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखे जाने चाहिए |
4. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

खंड- 'क' (अपठित बोध) (5 अंक)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (1x5=5)

जब कोई वीर पुरुष किसी को क्षमा करता है तो वह सुनने और देखने में अच्छा लगता है | लेकिन जब कोई कायर और कमज़ोर व्यक्ति किसी को क्षमा करने की बात करता है, तो वह उपहास की बात हो जाती है | यदि हम अपने को बड़ा मानते हैं, हम बलशाली और विद्वान हैं, हम बड़े प्रबुद्ध हैं, तो फिर यहीं क्षमा हमारे जीवन का अलंकार बन जाता है | शिक्षक बच्चों को पढ़ाते हैं, बच्चों का काम होता है भूल करना | यदि शिक्षक उनकी भूलों को क्षमा कर देते हैं तो यहाँ शिक्षक की गरिमा बढ़ती है, मर्यादा बढ़ती है | इससे उनकी क्षमाशीलता का परिचय मिलता है, लेकिन यदि बच्चों को उनकी किसी प्रकार की छोटी-मोटी भूलों के लिए सजा दी जाए, उन्हें पीटा जाए, डाँटा-फटकारा जाए, उन्हें नीचा दिखाने का प्रयास किया जाए तो उस व्यक्ति या शिक्षक को हम क्षमाशील नहीं कह सकते | ऐसा करना हमारी भूल ही होगी | यह हमारी कौन-सी महानता होगी कि किसी ने कुछ भूल कर दी और हमने उसके बदले उसे दो हाथ लगा दिए | मनुष्य के समान कोई दूसरा आत्मघाती जीव इस संसार में खोजना मुश्किल है | इस संसार में सिर्फ मनुष्य ही एक ऐसा प्राणी है, जो सिर्फ अपना ही नुकसान करने के पीछे पड़ा रहता है इसके सिवा संसार में ऐसा कोई दूसरा जीव नहीं है, जो अपना नुकसान करने की ताक में लगा रहता हो | हम जो भूल करते चले जा रहे हैं, उससे हमारे ही शरीर का क्षय होता है, हमारा ही शरीर टूटता है, विकृत होता जा रहा है | फिर भी मनुष्य गलती पर गलती करता चला जा रहा है |

(क) कायर और कमज़ोर व्यक्ति का कौन सा कार्य उपहास का कारण बन जाता है ?

(ख) क्षमा हमारे जीवन का अलंकार कब बनती है ?

(ग) शिक्षक की गरिमा और मर्यादा कब बढ़ती है ?

(घ) मनुष्य को आत्मघाती जीव क्यों कहा जाता है ?

(ङ) 'विद्वान' शब्द का लिंग परिवर्तन कीजिए |

खंड- 'ख' (व्याकरण) (10 अंक)

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (1x2=2)

(क) 'राजा का विलोम रंक होता है |' वाक्य में अनुस्वार शब्द है -

(i) राजा (ii) रंक (iii) विलोम (iv) का

(ख) 'चाँद का पर्यायवाची शब्द चंद्र भी होता है |' वाक्य में अनुनासिक शब्द है -

(i) चाँद (ii) चंद्र (iii) शब्द (iv) है

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (1x4=4)

(क) **'**अनुप्रिया**'** में उपसर्ग है **-**

(i) या (ii) अनु (iii) प्रिया (iv) अ

(ख) 'दुरात्मा' ' में उपसर्ग है -

(i) दुर् (ii) मा (iii) आत्मा (iv) दु

(ग) 'मंगोलिया' में प्रत्यय है -

(i) मंग (ii) गोलिया (iii) इया (iv) या

(घ) 'लठैत' में प्रत्यय है -

(i) लठ (ii) ठैत (iii) त (iv) ऐत

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (1x4=4)

(क) क्या मेरा भाई आप से मिला ? (इस वाक्य में अर्थ के आधार पर वाक्य का कौन सा भेद है ?)

(i)विधान वाचक (ii) संदेह वाचक (iii) प्रश्न वाचक (iv) आज्ञा वाचक

(ख) 'मुझे आज बाहर घूमने का मन हो रहा है |' यह वाक्य किस प्रकार का वाक्य है ?

(i) आज्ञा वाचक (ii) संकेत वाचक (iii) इच्छा वाचक (iv) विस्मयादिबोधक

(ग) 'जिन वाक्यों में संदेह/ संभावना का बोध होता है' वहाँ अर्थ की दृष्टि से कौन सा वाक्य होता है -

(i) संदेह वाचक (ii) संकेत वाचक (iii) इच्छा वाचक (iv) विस्मयादिबोधक

(घ) 'अभी तुम बाहर जाओ |' यह वाक्य किस प्रकार का वाक्य है -

(i) आज्ञा वाचक (ii) संकेत वाचक (iii) इच्छा वाचक (iv) विस्मयादिबोधक

खंड- 'ग' (साहित्य) (15 अंक)

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में दीजिए - (2x3=6)

(क) यशपाल जी की कहानी में दुःख मनाने का अधिकार सबको क्यों नहीं है ?

(ख) किस आधार पर हमारे समाज में व्यक्ति का स्तर निर्धारित किया जाता है ? 'दुःख का अधिकार' पाठ के आधार पर बताइए |

(ग) रैदास द्वारा रचित दूसरे पद 'ऐसी लाल तुझ बिनु कउनु करै' को आशय स्पष्ट ।

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 से 60 शब्दों में दीजिए | (3x2=6)

(क) **'धूल'** पाठ का केन्द्रीय भाव लिखिए | पाठ के माध्यम से लेखक क्या सन्देश देना चाहता है ?

(ख) रैदास के पद के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि उनके प्रभु के साथ अटूट संबंध है। सोदाहरण लिखिए |

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में दीजिए | (3x1=3)

लेखिका ने कौए की किन विशेषताओं का वर्णन किया है ? स्पष्ट कीजिए |

| अथवा

लेखिका ने गिल्लू के प्रथम वसंत को किस प्रकार पहचाना और फिर क्या किया?

खंड-'घ' (लेखन) (11 अंक)

8. निम्नलिखित चित्र के आधार पर 80 **से 100** शब्दों में चित्र वर्णन कीजिए - (5x1=5)



9. निम्नलिखित में से किन्हीं दो विषयों पर 10 से 20 शब्दों में नारा लेखन कीजिए - (**2.**5x**2**=5)

(क) गरीबी हटाओ (ख) बेरोजगारी का निदान

(ग) पानी की बचत (घ) धार्मिक उन्माद पर नियंत्रण